# समाहरणालय खगड़िया

(पि0 वर्ग एवं अति पि0 वर्ग कल्याण शाखा)

Email:- dbeo.khagariya@gov.in
dwokhabcebc@gmail.com

Mob No:-8050098551

पत्रांकः– 323

दिनांकः– 05/09/26

प्रेषक,

जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग
कल्याण पदाधिकारी, खगड़िया।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषय– **सूचना प्रकाशन के संबंध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के आलोक में संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, कोशी कॉलेज, खगड़िया में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में छात्रों के नामांकन हेतु सूचना कम से कम दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ समर्पित की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त सूचना को प्रकाशन कराने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नकः– यथोक्त ।**

विश्वासभाजन

05/09/26

जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग,
कल्याण पदाधिकारी, खगड़िया।

# समाहरणालय, खगड़िया

## (कल्याण शाखा)

## नामांकन सूचना

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग समुदाय के छात्रों के लिए खगड़िया जिलान्तर्गत संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, कोशी कॉलेज, खगड़िया में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नामांकन के लिए रिक्त स्थानों की विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0 | छात्रावास का नाम | कोटि | रिक्ति/सम्भावित रिक्ति | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, कोशी कॉलेज, खगड़िया | अति पिछड़ा वर्ग (EBC) | 06 | |
| | | पिछड़ा वर्ग (BC) | 0 | |

नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिनांक– 09.09.2026 से 23.09.2026 तक विभागीय वेबसाइट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर ऑनलाईन समर्पित किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए संबंधित छात्रावास अधीक्षक, छात्रावास प्रबंधक–सह–अनुमंडल पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी एवं जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, खगड़िया से छात्र/अभिभावक द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क किया जा सकता है।

**नामांकन की शर्तेः–**

1. आवेदक केवल अति पिछड़ा वर्ग समुदाय का छात्र हो।
2. 5 प्रतिशत सीटे दिव्यांग छात्रों के लिए आरक्षित है।
3. आवेदक बिहार राज्य का निवासी हो।
4. आवेदक खगड़िया जिला अंतर्गत किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो।
5. अहर्त्ता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. छात्र/अभिभावक की अधिकतम आय तीन लाख से कम होनी चाहिए।
7. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास।
8. चयन की प्रक्रिया विभागीय नियमानुसार पूरी की जाएगी।

**आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेजः–**

01. आवेदन विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर जाकर ऑनलाइन किया जा सकता है।

02. आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति ऑनलाईन अपलोड करना होगा:–

i. आवेदन का पासपोर्ट साईज फोटो jpg/jpeg/Format में।

ii. आवेदक का जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।

iii. खगड़िया स्थित शिक्षण संस्थानों में नामांकन रसीद का प्रमाण PDF Format में।

iv. आधार कार्ड की छायाप्रति PDF Format में।

v. विगत परीक्षा के अंक प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।

vi. आधार सीडिंग बैंक अकाउंट (खाता संख्या एवं आई0एफ0एसफसी0 कोड सहित)।

vii अध्ययनरत् संस्थान के प्राचार्य द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत Forwarding Letter PDF Format में।

viii माता पिता/अभिभावक द्वारा विहित प्रपत्र में हस्ताक्षरित शपथ पत्र।

ix आवेदक का हस्ताक्षर jpg/jpeg/Format में।

**आवेदन की प्रक्रियाः–**

1. विभागीय वेबसाइट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर जाकर ऑनलाईन आवेदन समर्पित किया जा सकता है।
2. अधिक जानकारी हेतु विभागीय गाईडलाइन्स को संदर्भित किया जा सकता है।
3. आवेदन की तिथि–09.09.2026 से 23.09.2026 तक केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जायेगें।

जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग
कल्याण पदाधिकारी, खगड़िया।